सीए इंटर परीक्षा में सात्विक बने सिटी टापर

कानपुर, 5 जुलाई। सीए इंटर के परीक्षा परिणाम भी आज ही जारी कर दिये गये। जिसमें सात्विक वधावन ने टाप रैंक हासिल की है। उसे कुल 579 अंक मिले हैं जबकि दूसरे स्थान पर शिखर अग्रवाल और तीसरे स्थान पर प्रियम बजाज रहे हैं। चौथे पर केशव सोमानी और पांचवे में चित्रांशी शर्मा ने नाम दर्ज कराया है। शहर से इस परीक्षा में शामिल हुये 182 छात्रों में 21 ने दोनों ग्रुप निकाले हैं जबकि ग्रुप वन में 40 सफल रहे हैं, ग्रुप टू को भी पार नहीं कर सका। ग्रुप वन में बैठे 326 में 58 और ग्रुप टू में 250 में से 87 सफल रहे हैं। अखिल भारतीय स्तर पर ग्रुप वन का रिजल्ट 18.95 और ग्रुप टू का रिजल्ट 23.44 प्रतिशत रहा। दोनों ग्रुप में शामिल हुये 10.24 फीसदी छात्र सफल रहे।

21 छात्रों ने निकाले दोनों ग्रुप, शिखर दूसरे स्थान पर

टापर को मिले 579 अंक

ट्रांसपोर्ट कारोबारी के पुत्र सात्विक वधावन ने सीए इंटर परीक्षा में शहर में टाप किया है। उन्हें कुल 579 अंक मिले हैं। वह कहते हैं सीए करने के बाद वह देश के टाप बिजनेस ग्रुप में सीईओ बनने का सपना संजोये हुये हैं। पदमपत सिंहानिया स्कूल के छात्र रहे सात्विक कहते हैं पूरी गंभीरता के साथ पढ़ाई करने के कारण उन्हें अच्छा परिणाम मिला है।

फर्स्ट अटैम्प्ट में बनूंगा सीए

सीए इंटर की परीक्षा में चौथे स्थान पर रहे शहर के केशव सोमानी डीपीएस कल्याणपुर के छात्र हैं और सीए कर नाम रोशन करना चाहते हैं। ग्रेजुएशन कर रहे केशव बीते साल ही सीए फाउंडेशन में बैठे थे और पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की थी। इंटर की परीक्षा भी उन्होंने पहले ही प्रयास में 530 अंक के साथ पास कर ली है। बेहद उत्साही केवल कहते हैं पहले ही प्रयास में सीए भी बनूंगा। दीपक सोमानी और ज्योति सोमानी के पुत्र केशव का भविष्य उज्जवल है।

बिग फोर में करना है काम

नेत्र चिकित्सक आशीष अग्रवाल के बेटे शिखर ने 546 अंकों के साथ सीए इंटर की परीक्षा पास कर ली है। वह कहते सीए बनने के बाद कारपोरेट में जाब करनी है और उनका लक्ष्य है कि बिग 4 में वह अपना स्थान बना सकें। उनकी मां शिप्रा अग्रवाल भी डाक्टर हैं। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल से 12वीं पास करने वाले शिखर की उपलब्धि पर उनके परिवार वालों ने प्रसन्नता जतायी।

बड़े भाई का बड़ा योगदान

शहर से पांचवे स्थान पर रही चित्रांशी शर्मा ने कुल 529 अंक हासिल कर सीए इंटर की परीक्षा उत्तीण कर ली है। वह यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय से 12वीं पास की है। भविष्य में सीए बनकर इनवेस्टमेंट बैंकर बनने की इच्छुक चित्रांशी कहती हैं अभिभावकों के साथ साथ मेरे बड़े भाई का मेरी सफलता में बहुत योगदान है। वह मेरी प्रेरणा हैं और उनकी सलाह बहुत जरूरी है।

फाइनेंस फील्ड में जाना है

आर्मी स्कूल भटिंडा में पढ़ने के बाद कानपुर यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने वाले प्रियम बजाज कहते हैं नियमित अध्ययन से तय लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनके पिता एक फैक्टरी में कार्यरत हैं जबकि मां गृहणी हैं। वह कहते हैं भविष्य में कारपोरेट हाउस के साथ काम करना और फाइनेंस फील्ड में महारथ हासिल करनी है ताकि वह अपने और अभिभावकों के सपनों को पूरा कर सकें।

अभिभावकों का प्रयास रंग लाया

सीए इंटर के फर्स्ट ग्रुप में सफल रही ऋषिता अवस्थी ने क्रक्स एकेडमी से पढ़ाई की है। उनके पिता शरद अवस्थी एलआईसी में प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। जबकि मां डा.पूजा अवस्थी मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार चुनी गयी थी। वह कहते हैं लगातार सात घंटे पढ़ाई के कारण उनको यह सफलता मिली है, जिसमें उनको कोचिंग का भी भरपूर योगदान है।

क्रक्स एकेडमी के छात्रों ने लहराया परचम

कानपुर, 5 जुलाई। सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में क्रक्स एकेडमी के छात्रों ने एक बार फिर से झंडा बुलंद किया है। संस्थान के शिखर अग्रवाल ने एक ही साथ दोनों ग्रुप क्लियर किये हैं, उन्हें शहर में दूसरी रैंक मिली है। पांचवी रैंक में रही चित्रांशी शर्मा ने भी दोनों ग्रुप पास कर लिये हैं। इनको 526 अंक मिले हैं जबकि शिखर के 546 अंक है। इन दोनों के अलावा पियूष भाटिया और प्रगति ओमर ने दोनों ग्रुप पास कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इनको 425 तथा 421 अंक मिले हैं। ग्रुप वन में अभिषेक द्विवेदी को 225, अराध्य तिवारी को 220, जान्हवी गुप्ता को 216, अराध्य पांडेय को 209, पार्थ अग्रवाल को 209, मुदिता पांडेय को 207, रिशिता अवस्थी को 206 अंक मिले हैं जबकि ग्रुप टू में पवित्रा सिन्हा को 221 अंक मिले हैं। संस्थान की फैकल्टी रसिका गोयनका ओमर, अमर ओमर, हिमांशु सिंह, जितेश निवेटिया, पुष्कर पांडेय, ध्रुव टंडन, कुलदीप कुमार गुलाटी ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता जतायी है। संस्थान के कुल 18 छात्रों ने शानदार परिणाम दिये हैं, जिससे संस्थान की उत्कृष्टता पर मोहर लगती है।

फैकल्टी के साथ जश्न मनाते क्रक्स एकेडमी के सफल छात्र।

सीए इंटरमीडिएट में सात्विक बने सिटी टॉपर

सीए इंटरमीडिएट में 579 अंक लाकर सात्विक वाधवानी ने सिटी टॉप किया। 546 अंक लाने वाले शिखर अग्रवाल को दूसरा स्थान मिला। प्रियम बजाज को तीसरा स्थान मिला। उन्हें 544 अंक मिले। केशव सोमानी 530 अंक लाकर चौथे स्थान पर रहे। चित्रांशी शर्मा को पांचवां स्थान मिला। उन्हें 529 अंक मिले। इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप में 182 में से 21 छात्र सफल हुए। ग्रुप एक में 326 छात्र शामिल हुए, 58 छात्र सफल रहे। ग्रुप दो में 250 में से 87 सफल घोषित किए गए।